Prepp
Your Personal Exams Guide

UGC NET PAPER 3 NOVEMBER 05, 2017 SHIFT 1 MASS COMMUNICATION AND JOURNALISM QUESTION PAPER

Note : This paper contains **seventy five** (75) objective type questions of **two** (2) marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. The first Indian language newspaper was :
   (1) Bangadoota (2) Samachar
   (3) Digdarshan (4) Mirat - ul - Akhbar

2. In wheel type of communication, ________ is dominant.
   (1) One person (2) One group
   (3) One chain (4) One nation

3. The concept of mindful journalism has drawn inspiration from :
   (1) Hinduism (2) Daoism
   (3) Christianity (4) Buddhism

4. According to Haebermas, modern mass media are influenced by :
   (1) A high degree of ethical conduct (2) New cultural trends
   (3) Massive public participation (4) Empty political spectacle

5. Jean Baudrillard has described mass media as a :
   (1) Social powerhouse (2) Prosperous middle man
   (3) Political institution (4) Speech without response

6. When an operating model of communication represents some aspect of reality , it represents :
   (1) Stimulation (2) Stagnation (3) Simulation (4) Stratification

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचहत्तर** (75) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

1. भारतीय भाषा का पहला समाचारपत्र था :
   (1) बंगदूत (2) समाचार
   (3) दिग्दर्शन (4) मिरात-उल-अख़बार

2. चक्र स्वरूपीय संचार में प्रमुख है :
   (1) एक व्यक्ति (2) एक समूह
   (3) एक श्रृंखला (4) एक राष्ट्र

3. बौद्धिक पत्रकारिता की संकल्पना की प्रेरणा निम्नलिखित में से किससे ली गई है ?
   (1) हिंदुत्व (2) दाओवाद
   (3) ईसाई धर्म (4) बुद्धिष्ट

4. हेबरमास के अनुसार आधुनिक जन माध्यम निम्नलिखित द्वारा प्रभावित होता है :
   (1) उच्च स्तरीय नैतिक आचरण (2) नई सांस्कृतिक प्रवृत्ति
   (3) जनता की बड़ी भागीदारी (4) शून्य राजनीतिक परिदृश्य

5. जीन बौड्रिलार्ड ने जन माध्यम को निम्नलिखित के रूप में चित्रित किया है :
   (1) सामाजिक शक्ति-गृह (2) सम्पन्न दलाल
   (3) राजनीतिक संस्था (4) उत्तर विहीन भाषण

6. जब एक प्रचलित प्रतिरूप वास्तविकता के कुछ आयामों का प्रतिनिधित्व करता है, तब इसके बारे में अभिव्यक्त करता है :
   (1) उत्प्रेरणा (2) ठहराव (3) अनुरूपता (4) स्तरण

7. In symbolic interaction, artificial signs that produce highly predictable responses are known as :

(1) Signals (2) Signs (3) Symbols (4) Variants

8. Initial stage of interpersonal communication is called :

(1) The phatic stage (2) The intimate stage

(3) The personal stage (4) The public stage

9. 'Mental images' that enable people to classify objects and to structure responses are known as :

(1) Stereotypes (2) Verbal commands

(3) Non verbal cues (4) Typifications

10. In cultivation analysis, when viewers identify the television contents with their daily events, this phenomenon is known as :

(1) Redundancy (2) Cultural cues

(3) Proxy (4) Resonance

11. The post-modernist media studies hinge on :

(1) Collectivism (2) Religious leadership

(3) Inspirational illusions (4) Aesthetic politics

12. Media audiences respond selectively to the media due to their own interpretation of of their daily life.

(1) Social discourses (2) Creative production

(3) Unwanted innovations (4) Unclear conformities

13. Critical theories of mass communication are ________ in character.

(1) Political (2) Insignificant (3) Symbolic (4) Iconic

14. The Vernacular Press Act 1878 was also called as :

(1) Lytton's Act (2) Gagging Act

(3) Full control law (4) Coercive control law

7. सांकेतिक संव्यवहार में जो कृत्रिम संकेत पूर्व कथनीय अनुक्रियाएं निर्मित करते हैं, उन्हें कहते हैं :

(1) संकेत (2) चिह्न (3) प्रतीक (4) परिवर्त

8. अंतर्वैयक्ति संचार की आरंभिक अवस्था को कहते हैं :

(1) आरंभिक अवस्था (2) आंतरिक अवस्था

(3) वैयक्तिक अवस्था (4) लोक अवस्था

9. ऐसी 'मानसिक छवि' जिससे लोग वस्तुओं का वर्गीकरण करते है और उत्तर का ढांचा तैयार करते हैं, उसे कहते हैं :

(1) स्टीरियोटाइप (2) वाचिक नियंत्रण

(3) गैर-वाचिक संकेतक (4) टिपिफिकेशन

10. परिष्कार विश्लेषण में जब दृशक अपनी दैनिक घटनाओं के साथ टेलीविजन की विषय-वस्तु की पहचान करता है, को कहते हैं :

(1) निरर्थकता (2) सांस्कृतिक संकेत

(3) प्रोक्सी (4) अनुनाद

11. उत्तर-आधुनिकतावादी मीडिया अध्ययन पर निर्भर करता है :

(1) संकलनवाद (2) धार्मिक नेतृत्व

(3) प्रेरणापरक भ्रम (4) सौंदर्यपरक राजनीति

12. अपने दैनिक जीवन में अपनी समझ के अनुसार मीडिया के श्रोतागण निम्नलिखित आधारों पर स्वयं को अभिव्यक्त करते हैं :

(1) सामाजिक विमर्श (2) सृजनात्मक उत्पाद

(3) अनचाहा नवीनीकरण (4) अस्पष्ट स्वीकृतियां

13. जन-संचार के गंभीर सिद्धान्त अपने मूल चरित्र में हैं :

(1) राजनीतिक (2) महत्वहीन (3) सांकेतिक (4) प्रतिमापरक

14. वर्ष 1878 के वर्नाकुलर प्रेस एक्ट को यह भी कहा जाता था :

(1) लिटन्स एक्ट (2) अभिव्यक्ति बंधन कानून

(3) संपूर्ण नियंत्रण कानून (4) कड़ा नियंत्रण कानून

15. ______ of the statement is not a defence in a criminal proceeding against defamation.

(1) Interpretation (2) Public approval

(3) Power (4) Truth

16. The operation of Article 19 of the Indian constitution can be suspended under :

(1) Article 358 (2) Article 372 (3) Article 378 (4) Article 387

17. The International Federation of Journalists is based in :

(1) Amsterdam (2) Frankfurt (3) Brussels (4) Vienna

18. For Jan Servaes, cultural diversity belongs to the cluster of :

(1) Normative concepts (2) Contextual concepts

(3) Strategic concepts (4) Advocacy concepts

19. The element of compensatory rivalry usually happens with :

(1) The researcher (2) The control group

(3) The experimental group (4) The staticians

20. External validity can be achieved through :

(1) Random samples (2) Intervening variables

(3) Concealing errors (4) Small samples

21. Equal appearing intervals are a characteristic of :

(1) Likert scale (2) Arbitrary scale

(3) Thurstone scale (4) Cumulative scale

22. The reactions of respondents to experimental situations are identified as :

(1) Varied response (2) Control variables

(3) Demand characteristics (4) Natural recall

Prepp
Your Personal Exams Guide

15. ____________ का विवरण, मानहानि के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही में बचाव नहीं है।

(1) निर्वचन (2) जन अनुमोदन

(3) शक्ति (4) सत्य

16. भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 को निलंबित किया जा सकता है द्वारा :

(1) अनुच्छेद 358 (2) अनुच्छेद 372 (3) अनुच्छेद 378 (4) अनुच्छेद 387

17. अंतरराष्ट्रीय पत्रकार संघ निम्नलिखित में से किस स्थान पर आधारित है ?

(1) आम्सटर्डम (2) फ्रैंकफर्ट (3) ब्रूसेल्स (4) वियाना

18. जैन सर्वास के अनुसार सांस्कृतिक विविधता निम्नलिखित संकुल में होती है :

(1) मानकीय संकल्पना (2) संविदात्मक संकल्पना

(3) रणनीतिक संकल्पना (4) पक्षधर संकल्पना

19. अनुकंपा प्रतिद्वंद्विता का तत्व सामान्यत: निम्नलिखित के साथ होता है :

(1) शोधकर्ता (2) नियंत्रण समूह

(3) प्रयोगात्मक समूह (4) सांख्यिकीविद

20. बाह्य विधिमान्यता निम्नलिखित में से किसके माध्यम से प्राप्त की जा सकती है ?

(1) यादृच्छिक प्रतिचयन (2) हस्तक्षेप परिवर्तक

(3) गुप्त भूल (4) लघु प्रतिचयन

21. समान लगने वाली अंतराल विशेषता है :

(1) एकसमान मान (2) यादृच्छिक मान

(3) थर्स्टौन मान (4) संचयी मान

22. प्रायोगिक स्थितियों के प्रति उत्तरदाताओं की प्रतिक्रिया को निम्नलिखित के रूप में जाना जाता है :

(1) अलग-अलग उत्तर (2) नियंत्रण परिवर्तक

(3) माँग विशेषताएं (4) नैसर्गिक माँग

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

23. The audience fragmentation has increased the demand for :

(1) Trend studies (2) One - shot studies

(3) Historical studies (4) Consultative studies

24. The people's meter used by Nielsen Media Research records :

(1) TV commercials

(2) The programmes watched by people during sweeps

(3) The programmes watched by people at specific times

(4) The names of people in households who participate in Nielsen ratings

25. The issue of content management has to do with :

(1) The movie industry controlling the content and subject matter of films

(2) The movie industry's desire that the films be broadcast on TV at the highest quality possible

(3) The movie industry's attempt to have copy protection on movies that are broadcast

(4) The movement on the part of the consumer to have good content in all TV broadcasts

26. Electronic flash memory data storage device used for storing digital information :

(1) Tripod (2) Flash card (3) Flash Drive (4) Memory card

27. ________ is used to protect private information stored in computers.

(1) Professional (2) Puller (3) Phisher (4) Firewall

28. Which is the parent company of Google ?

(1) Alphabet (2) Oracle (3) Dell (4) Microsoft

29. The film that has won Oscar Award for 2017 is :

(1) La La Land (2) Moonlight (3) Hidden figure (4) Lion

Prepp
Your Personal Exams Guide

23. श्रोताओं समूह के विभाजन से निम्नलिखित की मांग बढ़ी है :

(1) प्रवृत्ति प्रधान अध्ययन
(2) एक लक्ष्यीय अध्ययन
(3) ऐतिहासिक अध्ययन
(4) परामर्शी अध्ययन

24. नीलसन मीडिया अनुसंधान अभिलेखों द्वारा प्रयुक्त जन मीटर है :

(1) टी वी वाणिज्य
(2) स्वीप के दौरान लोगों द्वारा देखे जाने वाला कार्यक्रम
(3) विशिष्ट समय में लोगों द्वारा देखे जाने वाले कार्यक्रम
(4) घर के लोगों के नाम जो नीलसन क्रमांकन में भाग लेते हैं

25. विषय-वस्तु प्रबंधन का मुद्दा निम्नलिखित से संबंधित है :

(1) फिल्म उद्योग, फिल्मों की सामग्री और विषय-वस्तु को नियंत्रित कर रहा है।
(2) फिल्म उद्योग चाहता है कि टी वी पर प्रसारित की जाने वाली फिल्में यथासंभव उच्च गुणवत्ता वाली हो।
(3) फिल्म उद्योग प्रसारित की जाने वाली फिल्मों की प्रति की सुरक्षा का प्रयास किया जाए।
(4) उपभोक्ताओं का प्रयास है कि सभी टी वी प्रसारणों की विषय-वस्तु अच्छी हो।

26. इलेक्ट्रॉनिक फ्लैश मेमोरी डेटा स्टोरेज उपकरण का उपयोग निम्नलिखित में से किसकी डिजिटल सूचना के स्टोरिंग में की जाती है ?

(1) ट्राइपोड
(2) फ्लैश कार्ड
(3) फ्लैश ड्राइव
(4) मेमोरी कार्ड

27. ______ का प्रयोग कंप्यूटर में स्टोर की गई निजी सूचना की सुरक्षा के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

(1) व्यावसायिक
(2) पुलर
(3) फिशर
(4) फायरवाल

28. गूगल की मूल कंपनी निम्नलिखित में से कौन है ?

(1) अल्फाबेट
(2) ओराकल
(3) डेल्ल
(4) माइक्रोसाफ्ट

29. फिल्म जिसने 2017 में आस्कर पुरस्कार जीता है :

(1) ला ला लैंड
(2) मूनलाइट
(3) हिडन फिगर
(4) लायन

30. Grid card is related to :
(1) Broadcast media (2) Newspapers
(3) Outdoor media (4) Magazines

31. Sirius is a/an :
(1) Internet radio (2) Satellite radio
(3) Internet streamer (4) Satellite TV station

32. A time period that precedes or follows prime time on television is identified as :
(1) Stage time (2) Trial time (3) Adjacent time (4) Fringe time

33. The media that has been facing decline in advertising revenue in the Western world is :
(1) Newspaper industry (2) Radio
(3) Television (4) Google

34. The ABC's(India) digital measurement service is supported by :
(1) Arbitron (2) Gallup (3) Harris (4) A.C. Nielsen

35. In the commercial world, Public Relations and Advertising are associated with :
(1) Propaganda (2) Marketing (3) Diplomacy (4) Secret service

36. Cover × frequency will lead to :
(1) Hard facts (2) Direct exposure
(3) Gross rating points (4) Tie - in

37. According to Lang and Lang, when individual opinions merge into public opinion, the model that emerges is :
(1) Collective dynamics (2) Hot public opinion
(3) Public opinion mainstreaming (4) Collateralisation

38. The First World Assembly of Public Relations Associations was held in :
(1) Mexico city (2) New York (3) London (4) Tokyo

Prepp
Your Personal Exams Guide

30. ग्रिड कार्ड निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?
(1) प्रसारण मीडिया (2) समाचारपत्र
(3) बाह्य मीडिया (4) पत्रिका

31. सिरियस एक :
(1) इंटरनेट रेडियो है (2) सेटेलाइट रेडियो है
(3) इंटरनेट स्ट्रीमर है (4) सेटेलाइट टी वी स्टेशन है

32. टेलीविजन पर प्रमुख समय घटित या चलाए जाने वाला समय कहलाता है :
(1) अवस्था काल (2) परीक्षण काल (3) निकटवर्ती काल (4) सीमांत काल

33. पश्चिमी जगत में विज्ञापन राजस्व में गिरावट झेलने वाला मीडिया है :
(1) समाचार उद्योग (2) रेडियो
(3) टेलीविजन (4) गूगल

34. ए बी सी ( भारत) डिजिटल मापन सेवा का समर्थन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है ?
(1) माध्यस्थम् (2) गलअप (3) हैरिस (4) ए.सी. नीलसन

35. वाणिज्यिक जगत में जन-संपर्क और विज्ञापन निम्नलिखित में से किससे संबद्ध है ?
(1) प्रचार (2) विपणन (3) कूटनीति (4) गुप्त सेवा

36. कवर × फ्रीक्वेंसी से होगा :
(1) कठोर तथ्य (2) प्रत्यक्ष प्रकटन
(3) सकल प्रक्रम बिंदु (4) टाइ-इन

37. लांग एण्ड लांग के अनुसार जब व्यक्ति की राय सार्वजनिक राय में मिल जाती है तो जो प्रतिरूप उभरेगा उसे कहते हैं :
(1) सामूहिक गतिशीलता (2) गर्मजोश जनमत
(3) लोकमत की मुख्यधारा (4) आनुषंगिकता

38. पब्लिक रिलेशन एसोसिएशन का प्रथम विश्व सम्मेलन निम्नलिखित में से कहां आयोजित किया गया था ?
(1) मैक्सिको सिटी (2) न्यू यार्क (3) लंदन (4) टोक्यो

prepp
Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

39. Banner advertisement is a type of :

(1) Outdoor Advertising (2) Interactive Advertising

(3) Corporate Advertising (4) Paid Advertising

40. Bipolar objectives are used in :

(1) Likert scale (2) Thurstone scale

(3) Gutman scale (4) Semantic differential

41. Social marketing theory is essentially .

(1) Content - dominated (2) Source - dominated

(3) Receiver - dominated (4) Channel - dominated

42. refers to the number of billboards used for an advertisement.

(1) Cumes (2) Counter boards (3) Facings (4) Deckers

43. Who commands higher advertising prices globally for now ?

(1) Digital music (2) Digital news (3) Digital video (4) Television

44. Transition from one scene to another in a TV commercial is referred to as :

(1) Movement (2) Linkage (3) Bridge (4) Run - in

45. The tabloid version of earlier broadsheet newspaper is called :

(1) Contact print (2) Compact (3) Tab (4) Compressor

46. The estimation of story length is called :

(1) Casting off (2) Copy fit (3) Space check (4) Line estimate

39. बैनर विज्ञापन निम्नलिखित का प्रकार है :

(1) बाह्य विज्ञापन (2) संव्यवहारी विज्ञापन

(3) निगम विज्ञापन (4) प्रदत्त विज्ञापन

40. द्विध्रुवीय उद्देश्य का प्रयोग निम्नलिखित में से किसमें किया जाता है ?

(1) लाइकर्ट मान (2) थ्रस्टोन मान

(3) गुटमैन मान (4) अर्धगत विभेदक

41. सामाजिक विपणन के सिद्धान्त अनिवार्यत: होता है :

(1) विषय-वस्तु प्रधान (2) स्रोत प्रधान

(3) प्राप्तकर्ता प्रधान (4) शृंखला प्रधान

42. ________ से तात्पर्य विज्ञापन के लिए प्रयुक्त बिलबोर्डों की संख्या से है।

(1) क्यूम्स (2) काउंटर बोर्डस् (3) फेसिंग (4) डेकर्स

43. आजकल वैश्विक रूप से उच्च विज्ञापन कीमतों को कौन नियंत्रित करता है ?

(1) डिजिटल संगीत (2) डिजिटल समाचार (3) डिजिटल वीडियो (4) टेलीविजन

44. टी वी वाणिज्य में एक दृश्य से दूसरे दृश्य में जाना निम्नलिखित में से क्या कहलाता है ?

(1) संचलन (2) संपर्कन (3) सेतु (4) रन-इन

45. पुराने ब्राडशीट समाचारपत्र के पत्रिका रूप को कहते हैं :

(1) कांटेक्ट प्रिंट (2) कंपैक्ट (3) टेब (4) कंप्रेसर

46. लेख की लंबाई का अनुमान कहलाता है :

(1) कास्टिंग ऑफ (2) कॉपी फिट (3) स्पेस चैक (4) लाइन अनुमान

www.prepp.in

47. On Spec in journalistic parlance means :

(1) Commissioned article (2) Uncommissioned article

(3) Additional editorial (4) First page feature

48. Fan writing is characterised as a type of textual :

(1) Preacting (2) Problematisation

(3) Poaching (4) Presumption

49. Screamer is a/an ______ mark normally seen in headlines.

(1) Question (2) Quotation

(3) Exclamatory (4) Semicolon

50. **Assertion (A) :** Modern mass media are responsible for destroying the folk communities.

**Reason (R) :** The media fare provides scope to have individual judgements to decide what is amoral and what is not.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

51. **Assertion (A) :** Television is central to 'global mass culture.'

**Reason (R) :** The flow of television programmes from different directions is more pronounced than ever before to the West.

**Code :**

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

47. पत्रकारिता की भाषा में 'ऑन स्पेक' से तात्पर्य है :

(1) संचालित लेख
(2) असंचालित लेख
(3) अतिरिक्त संपादकीय
(4) प्रथम पृष्ठ की रूपरेखा

48. फैन लेखन की विशेषता निम्नलिखित में से किसका पाठ प्रकार है?

(1) पूर्वक्रिया
(2) समस्याकरण
(3) लेखों की चोरी
(4) अनुमान

49. स्क्रीमर _____ का चिह्न है जो सामान्यतः शीर्षकों में देखा जाता है।

(1) प्रश्न
(2) उद्धरण
(3) विस्मयपरक
(4) सेमिकोलन

50. **अभिकथन** (A) : आधुनिक जन माध्यम लोक संस्कृति को नष्ट करने के लिए जिम्मेदार है।

**तर्क** (R) : मीडिया की विषय-वस्तु लोगों को यह निर्णय लेने का अवसर प्रदान करती है कि क्या अनैतिक है और क्या नहीं।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(3) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(4) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।

51. **अभिकथन** (A) : टेलीविजन "वैश्विक सामूहिक संस्कृति" का मूल है।

**तर्क** (R) : विभिन्न दिशाओं से टेलीविजन कार्यक्रमों का प्रवाह पश्चिम में आजतक प्रसारित कार्यक्रमों की अपेक्षा अधिक मुखर है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

52. **Assertion (A) :** The liberal model of media is positive to the growth of democracy.

**Reason (R) :** Market orientation makes media responsive to public issues.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

53. **Assertion (A) :** Market based media ownership aims to create an informed citizenry.

**Reason (R) :** Such an architecture of media system delivers enormous amounts of news on public affairs.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

54. **Assertion (A) :** Video podcasting and peer-to-peer networking represent a new architecture of aesthetics.

**Reason (R) :** Technological evolution has hindered the public access to media.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

52. **अभिकथन** (A) : मीडिया का उदारवादी निदर्श लोकतंत्र की प्रगति के लिए सकारात्मक है।

**तर्क** (R) : बाजारोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने के फलस्वरूप मीडिया जनता के मुद्दों के प्रति उत्तरदायी हो जाती है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

53. **अभिकथन** (A) : बाज़ार-आधारित मीडिया स्वामित्व का उद्देश्य संसूचित जनमानस का सृजन करना है।

**तर्क** (R) : मीडिया तंत्र की ऐसी पकड़ होने के फलस्वरूप सरकारी कार्य से संबंधित समाचार बहुत अधिक प्रसारित हो पाता है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

54. **अभिकथन** (A) : वीडिओ पॉडकास्टिंग और समकक्षीय नेटवर्किंग से सौंदर्य की एक नई संरचना निरूपित होती है।

**तर्क** (R) : प्रौद्योगिकीय विकास के कारण आम जनता की मीडिया तक पहुंच में अड़चन उत्पन्न होता है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

55. **Assertion (A) :** The synergy of modern economy with modern mass media is the other face of sophisticated media manipulation.

**Reason (R) :** Sale of physical and entertainment products is the sole aim of today's corporate media which aims to maximise profits.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

56. **Assertion (A) :** In the present day democracy, the rights and duties of publics to communicate has become less acceptable.

**Reason (R) :** Because of commercialisation and professionalisation, media viewpoints of others are of little consequence in media content selection.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

57. **Assertion (A) :** Language and communications are not only social practices, but also political.

**Reason (R) :** Human communication has the primary objective of self - preservation.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

55. **अभिकथन** (A) : आधुनिक अर्थव्यवस्था का आधुनिक जनसंपर्क माध्यम से मेल समुन्नत मीडिया के छद्महित साधन का अन्य पक्ष है।

**तर्क** (R) : भौतिक और मनोरंजन उत्पादों की विक्री आज के कॉरपोरेट मीडिया का एकमात्र लक्ष्य है जिसका ध्येय मुनाफा कमाना है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

56. **अभिकथन** (A) : वर्तमानयुगीन लोकतंत्र में जनता के संप्रेषण संबंधी अधिकार और कर्त्तव्य अपेक्षाकृत कम हो गये है।

**तर्क** (R) : मीडिया के वाणिज्यीकरण और व्यवसायीकरण के कारण मीडिया की विषयवस्तु का चयन करने के क्रम में अन्य व्यक्तियों के दृष्टिकोण का कोई फलाफल नहीं निकलता है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

57. **अभिकथन** (A) : भाषा और संचार न केवल सामाजिक प्रक्रिया है अपितु राजनीतिक भी है।

**तर्क** (R) : मानव संचार का प्राथमिक उद्देश्य आत्म-परिरक्षण है।

**कूट :**

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही है, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

58. Assertion (A) : The invention of Internet was basically not for democratising the global communication system.

Reason (R) : It was initiated for the US military to control centres to communicate in the eventuality of a nuclear war.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

59. Assertion (A) : People watch television because they are very fond of news.

Reason (R) : Some news channels are not objective and neutral in their coverage of news.

Code :

(1) (A) is true but (R) is not the correct explanation of (A).

(2) (R) is true but (A) is not the correct explanation of (R).

(3) Both (A) and (R) are correct.

(4) Both (A) and (R) are incorrect.

60. Assertion (A) : Print media is less socially responsible than the electronic media.

Reason (R) : Because the electronic media depend heavily on commercial revenue and as such they have to protect their commercial interests.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

61. Assertion (A) : Guerilla television and video are more than media tools.

Reason (R) : They reflect the images of rebellion of the oppressed against modern imperialism.

Code :

(1) Both (A) and (R) are true.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) (A) is false, but (R) is true.

Prepp
Your Personal Exams Guide

58. **अभिकथन** (A) : इंटरनेट का आविष्कार मूलतः वैश्विक संचार तंत्र को जनतांत्रिक बनाने के प्रयोजन से नहीं किया गया था।

**तर्क** (R) : इसका शुभारंभ अमरीकी सेना द्वारा परमाणु युद्ध होने की दशा में संचार केन्द्रों के नियंत्रण के लिए किया गया था।

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

59. **अभिकथन** (A) : लोग टेलीविजन देखते हैं क्योंकि उन्हें समाचार का शौक है।

**तर्क** (R) : कुछ न्यूज चैनल समाचार के कवरेज में निरपेक्ष और तटस्थ नहीं है।

**कूट** :

(1) (A) सही है, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(2) (R) सही है, किन्तु (A), (R) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

Prepp Your Personal Exam Guide

60. **अभिकथन** (A) : प्रिन्ट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की तुलना में सामाजिक दृष्टि से कम जिम्मेवार है।

**तर्क** (R) : चूंकि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व्यवसाय के जरिए प्राप्त राजस्व पर बहुत अधिक निर्भर है और इसी कारणवश उन्हें उनके व्यावसायिक हितों की रक्षा करनी पड़ती है।

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

61. **अभिकथन** (A) : गुरिल्ला टेलीविजन और वीडियो मीडिया-साधनों से कहीं बढ़कर है।

**तर्क** (R) : इनमें आधुनिक साम्राज्यवाद के विरुद्ध शोषित वर्ग के विद्रोह की छवि परिलक्षित होती है।

**कूट** :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(3) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

62. Identify the correct sequence of emergence of different types of journalism :

(1) Citizen journalism, advocacy journalism, new journalism, alternative journalism

(2) Alternative journalism, advocacy journalism, citizen journalism, new journalism

(3) New journalism, alternative journalism, advocacy journalism, citizen journalism

(4) Advocacy journalism, new journalism, citizen journalism, alternative journalism

63. Identify the correct chronological sequence of the following statutes :

(1) The contempt of Court Act, the copyright Act, the Right to Information Act, the young persons (Harmful publications) Act

(2) The copyright Act, the young persons (Harmful publications) Act, the Right to Information Act, the contempt of Court Act

(3) The Right to Information Act, The young persons (Harmful publications) Act, the copyright Act, the contempt of Court Act

(4) The Young Persons (Harmful publications) Act, the copyright Act, the contempt of Court Act, the Right to Information Act

64. The correct chronological sequence of the following theories is :

(1) Libertarian, authoritarian, social responsibility, communist

(2) Social responsibility, communist, authoritarian, libertarian

(3) Communist, libertarian, authoritarian, social responsibility

(4) Authoritarian, libertarian, communist, social responsibility

65. The sequence of language wise circulation of newspapers, as per ABC report of (Jan - June 2016) is :

(1) English, Malayalam, Tamil, Hindi

(2) Hindi, English, Malayalam, Tamil

(3) English, Hindi, Tamil, Malayalam

(4) Hindi, Malayalam, English, Tamil

Prepp
Your Personal Exams Guide

62. पत्रकारिता के विभिन्न स्वरूपों के उभरकर सामने आने का सही क्रम है :

(1) नागरिक पत्रकारिता, पक्षपाती पत्रकारिता, नूतन पत्रकारिता, वैकल्पिक पत्रकारिता

(2) वैकल्पिक पत्रकारिता, पक्षपाती पत्रकारिता, नागरिक पत्रकारिता, नूतन पत्रकारिता

(3) नूतन पत्रकारिता, वैकल्पिक पत्रकारिता, पक्षपाती पत्रकारिता, नागरिक पत्रकारिता

(4) पक्षपाती पत्रकारिता, नूतन पत्रकारिता, नागरिक पत्रकारिता, वैकल्पिक पत्रकारिता

63. निम्नलिखित परिनियमों का सही कालक्रम क्या है :

(1) न्यायालय अवमानना अधिनियम, लिप्याधिकार अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम, युवा व्यक्ति (हानिकारक प्रकाशन) अधिनियम

(2) लिप्याधिकार अधिनियम, युवा व्यक्ति (हानिकारक प्रकाशन) अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम, न्यायालय अवमानना अधिनियम

(3) सूचना का अधिकार अधिनियम, युवा व्यक्ति (हानिकारक प्रकाशन) अधिनियम, लिप्याधिकार अधिनियम, न्यायालय अवमानना अधिनियम

(4) युवा व्यक्ति (हानिकारक प्रकाशन) अधिनियम, लिप्याधिकार अधिनियम, न्यायालय अवमानना अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम

Prepp Your Personal Exam Guide

64. निम्नलिखित सिद्धान्तों का सही कालक्रम है :

(1) उदारवादी, प्रभुतावादी, सामाजिक दायित्व, साम्यवादी

(2) सामाजिक दायित्व, साम्यवादी, प्रभुतावादी, उदारवादी

(3) साम्यवादी, उदारवादी, प्रभुतावादी, सामाजिक दायित्व

(4) प्रभुतावादी, उदारवादी, साम्यवादी, सामाजिक दायित्व

65. (जनवरी-जून, 2016) की ए बी सी रिपोर्ट के अनुसार समाचारपत्रों के परिचालन का भाषा-वार अनुक्रम निम्नानुसार है :

(1) अंग्रेजी, मलयालम, तमिल, हिन्दी

(2) हिन्दी, अंग्रेजी, मलयालम, तमिल

(3) अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल, मलयालम

(4) हिन्दी, मलयालम, अंग्रेजी, तमिल

66. Match the following :

| List-I (Theory) | | List-II (Author) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Play Theory | (i) | C.R. Wright |
| (b) | Media Dependency Theory | (ii) | De Fleur and Ball - Rokeach |
| (c) | Political Socialisation Theory | (iii) | William Stephenson |
| (d) | Functional Analysis | (iv) | Patterson and Mc clure |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

67. Match the following :

| List-I (Author) | | List-II (Concept) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Harold D Lasswell | (i) | Multistep flow |
| (b) | Paul Lazousfeld | (ii) | Propoganda Techniques |
| (c) | Carl L. Hovel | (iii) | Information Theory |
| (d) | Claude and Shannon | (iv) | Persuasion in communication |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

68. Match the following :

| List-I (Concept) | | List-II (Focus) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Normative concept | (i) | Community mapping |
| (b) | Context concept | (ii) | Knowledge management |
| (c) | Strategic concept | (iii) | Social movements |
| (d) | Technique concept | (iv) | Social inclusion |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

66. नीचे दी गई सूचियों का सुमेलन करें :

| | सूची-I (सिद्धान्त) | | सूची-II (लेखक) |
|---|---|---|---|
| (a) | खेल सिद्धांत | (i) | सी.आर. राइट |
| (b) | मीडिया निर्भरता सिद्धांत | (ii) | द फ्लूर ऐंड बाल रोकीश |
| (c) | राजनीतिक समाजीकरण सिद्धांत | (iii) | विलियम स्टीफेन्सन |
| (d) | क्रियात्मक विश्लेषण | (iv) | पैटर्सन एवं मैक क्लूर |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

67. नीचे दी गई सूचियों का सुमेलन करें :

| | सूची-I (लेखक) | | सूची-II (अवधारणा) |
|---|---|---|---|
| (a) | हैरॉल्ड डी. लासवेल | (i) | बहुस्तरीय प्रवाह |
| (b) | पॉल लजौसफेल्ड | (ii) | प्रेरित प्रचार तकनीकें |
| (c) | कार्ल एल. हॉवेल | (iii) | सूचना सिद्धांत |
| (d) | क्लाड और शैनन | (iv) | संचार में अनुनय |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

68. नीचे दी गई सूचियों का सुमेलन करें :

| | सूची-I (अवधारणा) | | सूची-II (केंद्रीयता) |
|---|---|---|---|
| (a) | मानक अवधारणा | (i) | समुदाय आच्छादन |
| (b) | संदर्भ अवधारणा | (ii) | ज्ञान प्रबंधन |
| (c) | सामरिक अवधारणा | (iii) | सामाजिक संचलन |
| (d) | तकनीक अवधारणा | (iv) | सामाजिक समावेशन |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

69. Match the following :

| List-I (Organisation) | | List-II (Platform) |
|---|---|---|
| (a) Google | | (i) Skype |
| (b) News corporation group | | (ii) NBC |
| (c) Microsoft | | (iii) Instagram |
| (d) Comcast | | (iv) Myspace.com |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

70. Match the following :

| List-I (Inventor) | | List-II (Invention) |
|---|---|---|
| (a) Ts'ai Lun | | (i) Lithography |
| (b) Johannes Gutenberg | | (ii) Movable types |
| (c) Alois Senefelder | | (iii) Printing Press |
| (d) Bi Sheng | | (iv) Paper |

Code :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

69. नीचे दी गई सूचियों का सुमेलन करें :

| | सूची-I (संगठन) | | सूची-II (प्लेटफार्म) |
|---|---|---|---|
| (a) | गूगल | (i) | स्काइप |
| (b) | न्यूज़ कार्पोरेशन ग्रुप | (ii) | एनबीसी |
| (c) | माइक्रोसॉफ्ट | (iii) | इंस्टाग्राम |
| (d) | कॉमकास्ट | (iv) | माईस्पेस.कॉम |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

70. नीचे दी गई सूचियों का सुमेलन करें :

| | सूची-I (आविष्कारक) | | सूची-II (आविष्कार) |
|---|---|---|---|
| (a) | त्साई लुन | (i) | लिथोग्राफी |
| (b) | जोहानेस गुटेनबर्ग | (ii) | सचल टाइप |
| (c) | अलोइ सेनेफेल्डर | (iii) | प्रिंटिंग प्रेस |
| (d) | बाई शेंग | (iv) | कागज |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Read the following passage carefully and answer questions from No. 71 to 75.**

The practice of being "embedded" has a long history : "from the earliest correspondents in the nineteenth century through to... the Second World War and Vietnam" and most recently with the unprecedented numbers of embedded journalists in the Iraq war. In 2003 the US Pentagon offered over 700 embedded slots to US and non-US journalists. The American taxpayers, rather than news organizations, paid the bill for the training, outfitting, transporting, sheltering, and feeding of the journalists. It became quite difficult for all but the hardest - nosed reporters to be absolutely honest about the soldiers who fed them, transported them, gave them the power they needed for their equipment, and (when necessary) saved their lives from the enemy. That mere word, "enemy", shows how a mind set was created...If you are with one side in a war, your fortunes and those of the soldiers you are with are pretty tightly intertwined ; deep down you are praying that they won't fail. This is a common criticism of embedding : it allows the journalist to become too close to those he or she is scrutinizing. Could embedded journalism fulfill the watchdog function of Western journalism when the journalists are embedded with the very people they are meant to be scrutinizing ? The US Pentagon claimed that the significance of embedded journalists was "to tell the factual story - good or bad", but reporting in such a situation is in danger of being reduced to the *tokens* of patriotism, standing against the "enemy" who is trying to take away "our way of life". It concluded that embedded journalism in the opening of the 2003 war produced stories that promoted patriotism more than stories that encouraged deliberation. Embedded journalists admittedly reported feeling conflicting loyalties and commented on the one-dimensional nature of their reports. Impartial reporting is not easy when sharing lived experience, and is that much more difficult when the experience is in such an extreme, life-or-death situation. Frontline correspondent Allan Little criticized the reporting done by "embeds". He argued that the journalist's job is that of scrutiny and the "hi, mom" reporting done by journalists of their host-soldiers was not scrutinizing anything. Journalists are reliant on multiple sources and in the case of being an "embed", military sources are the only sources available. The normal practice for journalists to gather information from multiple sources is severely limited when embedded with one battalion or when restricted to safe-zones in Baghdad. The journalist is not in a position to observe what the war is doing to the civilians. As the stand-in eyes and ears of the public, the embedded journalist is unable to provide witness to the consequences of the war in which their government is engaged. It was weeks before the embedded journalists had the opportunity to observe and interview the Iraqi people. The Project for Excellence in Journalism conducted a content analysis of US television coverage from the first week of the war produced by embeds: "The reports avoided graphic material; not one of the stories in the study showed pictures of people being hit by weapons fire". The Cardiff School of Journalism had similar findings of reports filed by British embeds; the coverage was "full of action, but without the grisly consequences". Both Gulf Wars lacked detailed coverage of the suffering of the Iraqi people. At the start of both Gulf Wars, Western audiences largely witnessed war without consequences.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्न संख्या 71 से 75 तक का उत्तर दें।**

अन्तर्स्थापन का लंबा इतिहास है : ''उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक संवाददाताओं से लेकर द्वितीय विश्वयुद्ध और वियतनाम तक'' और अभी निकट अतीत में इराक युद्ध के दौरान अभूतपूर्व संख्या में पत्रकारों का अन्तर्स्थापन। सन 2003 में अमेरिका में पेंटागन ने 700 से अधिक अमेरिकी तथा गैर-अमेरिकी पत्रकारों को अंतर्स्थापित करने का प्रस्ताव किया था। इन पत्रकारों के प्रशिक्षण, साजोसामान से लैस करने, यातायात, आवासन तथा भोजन की व्यवस्था किसी समाचार संगठन के बजाय अमेरिकी करदाताओं के पैसे से की गई। ऐसे में उन सैनिकों के बारे में बहुत ईमानदारी से कुछ भी लिखना बहुत नकचढ़े किस्म के पत्रकारों के लिए भी कठिन हो गया था जो उनके खाने-पीने, यातायात, उपकरणों, की व्यवस्था के साथ ही जरूरत पड़ने पर शत्रुओं से उनकी जीवन रक्षा कर रहे थे। केवल 'शत्रु' शब्द से ही पता चलता है कि कैसी मनोदशा पैदा हो जाती है.... जब आप किसी युद्ध में किसी पक्ष के साथ हों तो आपका और साथ के सैनिकों का भाग्य बहुत दृढ़ता से एक दूसरे के साथ गुंथ जाता है; मन की गहराइयों में आप कहीं प्रार्थना कर रहे होते हैं कि आप जिनके साथ हैं, वे असफल न हों। यह अन्तर्स्थापन की सामान्य आलोचना है : इस स्थिति में पत्रकार उसके बहुत नजदीक हो जाता है जिसकी वह संवीक्षा कर रहा होता है। क्या अन्तर्स्थापित पत्रकारिता पश्चिमी पत्रकारिता के सचेत द्रष्टा की भूमिका का निर्वाह कर सकती है जब पत्रकारों को उन्हीं लोगों के बीच अन्तर्स्थापित कर दिया जाए जिनकी उन्हें संवीक्षा करनी हो? पेंटागन ने दावा किया कि अंतर्स्थापित पत्रकारों का महत्व यह है कि वे 'तथ्यात्मक समाचार-अच्छा या बुरा' लिख सकते हैं, लेकिन ऐसी परिस्थितियों में रिपोर्टिंग राष्ट्रभक्ति के प्रदर्शन और 'हमारे जीने के तरीके' को नष्ट करने पर उतारू 'शत्रु' के विरुद्ध खड़े होने तक सिमट जाने के खतरे में पड़ती है। इसका निष्कर्ष था कि अन्तर्स्थापित पत्रकारिता ने 2003 के युद्ध के आरंभिक दौर में ऐसे समाचार दिए जिनसे लोगों में इस मामले में विचार-विमर्श के स्थान पर देशभक्ति का भाव पैदा हुआ। अन्तर्स्थापित पत्रकार के रूप में काम कर रहे पत्रकारों ने आत्मस्वीकृति की कि वे अपनी निष्ठाओं के टकराव की स्थिति महसूस कर रहे थे और उन्होंने अपनी एक-दिशीय प्रकृति की रिपोर्टों के बारे में भी टिप्पणियाँ कीं। भोगा हुआ अनुभव साझा करते समय निष्पक्ष रिपोर्टिंग आसान नहीं होती और यह तब और कठिन हो जाती है जब अनुभव इतना कठिन और जीने-मरने की स्थितियों से जुड़ा हो। अग्रिम पंक्ति के संवाददाता एलन लिटिल ने अन्तर्स्थापित पत्रकारों की रिपोर्टिंग की आलोचना की है। उनका तर्क है कि पत्रकार का काम है किसी मामले की गहरी जाँच-पड़ताल और 'हाय मॉम' जैसी औपचारिक रिपोर्टिंग करनेवाले अन्तर्स्थापित पत्रकारों की सैनिकों के बारे में रिपोर्टें किसी तरह की जाँच-पड़ताल नहीं कर रही थीं। पत्रकार सामान्यत: बहुत से स्रोतों पर निर्भर करते हैं और अंतर्स्थापित होने पर वे केवल सैन्य स्रोतों पर निर्भर होते हैं। पत्रकारों की विविध स्रोतों से सूचना प्राप्त करने की सामान्य प्रवृत्ति तब गंभीर रूप से बाधित हो जाती है जब वे किसी एक बटालियन के साथ अन्तर्स्थापित हों या बगदाद के किसी 'सुरक्षित क्षेत्र' में हों। ये पत्रकार यह देखने की स्थिति में नहीं होते कि युद्ध का नागरिक जीवन पर क्या प्रभाव हो रहा हैं। जनता के प्रतिनिधि आंख-कान के रूप में अंतर्स्थापित पत्रकार सरकार द्वारा लड़े जा रहे युद्ध के परिणामों के साक्ष्य देने में असमर्थ रहते हैं। इराक गए- अंतर्स्थापित पत्रकारों को कई हफ्तों के बाद इराकी नागरिकों से मिलने और उनसे बातचीत करने का अवसर मिला था। प्रोजेक्ट फॉर एक्सेलेंस इन जर्नलिज्म ने युद्ध के पहले सप्ताह में अन्तर्स्थापित पत्रकारों द्वारा की गई टेलीविज़न कवरेज का कथ्य विश्लेषण किया गया था : ''इन रिपोर्टों में किसी प्रकार के ग्राफिक नहीं थे; एक भी समाचार ऐसा नहीं था जिसमें लोगों को हथियारों की मार का शिकार होता दिखाया गया हो।'' कार्डिफ स्कूल आफ जर्नलिज्म ने भी ऐसे ही निष्कर्ष ब्रिटिश अन्तर्स्थापित पत्रकारों द्वारा लिखी गई रिपोर्टों के बारे में प्राप्त किए; इन रिपोर्टों में की गई कार्रवाई का तो जिक्र था लेकिन इनमें कहीं भी इनके वीभत्स परिणामों का उल्लेख नहीं था। दोनों खाड़ी युद्धों में इराकी लोगों की कठिनाइयों के विस्तृत कवरेज का अभाव था। दोनों खाड़ी युद्धों के प्रारंभिक दौर में पश्चिमी देशों के पाठकों-दर्शकों को ज्यादातर परिणामहीन युद्ध देखने को मिला।

www.prepp.in

71. Who paid for the practice of embedded journalism in the United States ?

(1) News organisations
(2) The US Pentagon
(3) The American taxpayers
(4) Journalists themselves

72. Embedded journalism affected the media function of :

(1) Supply of news
(2) Respecting the soldiers
(3) Objective reporting
(4) Standing against the enemy

73. What was the issue faced by embedded journalists during the 2003 war ?

(1) Consequences of factual reporting
(2) Absence of conflicting loyalties
(3) Availability of multiple news sources
(4) One - dimensional reports

74. Embedded reporting is restricted by :

(1) The inability to observe the consequences of war
(2) Sharing lived experience
(3) Impartial reporting
(4) Opportunities to observe

75. Till date embedded reporting of wars has made people witness :

(1) Coverage with grisly consequences
(2) Safe-zones in conflict areas
(3) Suffering of Iraqi people
(4) War with one-sided focus

- o O o -

www.prepp.in

71. अमेरिका में अन्तर्स्थापित पत्रकारों पर हुए व्ययों का वहन किसने किया ?

(1) समाचार संगठनों ने
(2) अमेरिकी पेंटागन ने
(3) अमेरिकी करदाताओं ने
(4) पत्रकारों ने स्वयं

72. अन्तर्स्थापित पत्रकारिता ने मीडिया के किस कार्य को प्रभावित किया है ?

(1) समाचार आपूर्ति
(2) सैनिकों का सम्मान
(3) उद्देश्यपूर्ण रिपोर्टिंग
(4) शत्रु के विरुद्ध रुख अख्तियार करना

73. 2003 के युद्ध में अन्तर्स्थापित पत्रकारों को किस समस्या का सामना करना पड़ा ?

(1) तथ्यपूर्ण रिपोर्टिंग के परिणामों का
(2) परस्पर-विरोधी निष्ठाओं के अभाव का
(3) विविध समाचार स्रोतों की उपलब्धता का
(4) एक-दिशीय रिपोर्टों का

74. अन्तर्स्थापित रिपोर्टिंग को सीमित करता है :

(1) युद्ध के परिणामों को देख पाने की असमर्थता
(2) भोगा हुआ अनुभव साझा करना
(3) निष्पक्ष रिपोर्टिंग
(4) प्रेक्षण के अवसर

75. अब तक युद्धों की अन्तर्स्थापित रिपोर्टिंग ने लोगों को दिखाया है :

(1) अरुचिकर परिणामों की जानकारी देने वाली कवरेज
(2) युद्ध क्षेत्रों में सुरक्षित क्षेत्र
(3) इराकी लोगों की व्यथाएँ
(4) एक पक्ष में केंद्रित युद्ध

- o O o -

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

Prepp Your Personal Exam Guide